प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा– आदिवासी संस्कृति की रक्षा हर हाल में की जाएगी, चाकुलिया में पारंपरिक पूजास्थलों के अस्तित्व पर जताई चिंता।
2. जमशेदपुर में करणी सेना नेता विनय सिंह की गोली मारकर हत्या, कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, जांच में जुटी पुलिस।
3. गुमला और सरायकेला उपायुक्त समेत 16 अधिकारी आज 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से होंगे सम्मानित
4. राज्य में आज मौसम रहेगा साफ, 24 अप्रैल तक तापमान में 4 से 5 डिग्री की वृद्धि की संभावना।

औरआईपीएल टी 20 क्रिकेट में कल रात मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को नौ विकेट से किया पराजित

*****************

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आदिवासी समाज के अस्तित्व की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने की बात कही। कल पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में आयोजित आदिवासी महासम्मेलन में उन्होंने कहा कि यदि अब भी हम नहीं चेते, तो हमारे पारंपरिक पूजास्थल वीरान हो जाएंगे। श्री सोरेन ने कहा कि जिन पूर्वजों ने संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान दिया, उनके सपनों को हम मिटने नहीं देंगे। मौके पर उन्होंने धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट होने का आह्वान किया।

*****************

जमशेदपुर के मानगो बालीगुमा में करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की कल रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने एनएच–33 के पास उन्हें गोली मारी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद करणी सेना कार्यकर्ताओं ने राजमार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। डीएसपी बचन देव कुजूर ने जानकारी दी कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

*****************

राज्य के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान पर झारखंड की सियासत गरमा गई है। भाजपा ने इसे संविधान पर हमला बताते हुए आज जमशेदपुर में विराट आक्रोश मार्च का ऐलान किया है। इस मार्च में रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, विद्युत महतो और डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी समेत कई नेता शामिल होंगे।

*****************

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी आज राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर आयोजित किया जाएगा।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 अधिकारियों को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे।

झारखंड से गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को आकांक्षी जिलों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा। दोनों जिलों की प्रशासनिक टीमों के समन्वित प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है।

*****************

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट वेव्स 2025 ने मीडिया डेलीगेट पंजीकरण एक बार फिर खोल दिया है। मीडिया, फोटोग्राफी और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए यह अंतिम मौका आज से 23 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। वेव्स का यह बहुप्रतीक्षित इवेंट 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होगा।

*****************

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण–डीबीटी पहल से आई पारदर्शिता से तीन लाख 48 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। भारत की डीबीटी प्रणाली का मात्रात्मक मूल्यांकन शीर्षक के एक नीति पत्र का हवाला देते हुए श्री वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे लाभार्थियों की कवरेज में 16 गुना वृद्धि भी हुई है।

*****************

जतरा जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत मोटे अनाज और स्थानीय उत्पादों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

*****************

खूंटी जिले के बुंडू स्थित घसिया बांध के पास कल शाम वज्रपात से एक पेड़ के नीचे खड़ी पांच गायों की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

*****************

मौसम विभाग रांची ने जानकारी दी कि आज राज्य में मौसम शुष्क और साफ रहेगा जिससे तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि 24 अप्रैल तक बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान राज्य के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है, और अगले दो दिनों में तापमान में 4–5 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

****************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में कल मुंबई में मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 177 रन का लक्ष्य केवल 15 ओवर और चार गेंद में ही, एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने नाबाद 76 और सूर्यकुमार यादव ने 68 रन की पारी खेली। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल इतिहास में रोहित का यह 20वां प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने एयर शो और निशिकांत दुबे के बयान को सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–एयर शो के अंतिम दिन डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ आर्मी ग्राउंड पहुंच गई, एयर शो देखने का जुनून, भीड़ से 3 घंटे तक 5 किलोमीटर लंबा जाम।

हिंदुस्तान ने लिखा है– निशिकांत दुबे के बयान पर झारखंड में सरगर्मी तेज, विपक्ष हमलावर।

दैनिक जागरण लिखताा है–जमशेदपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या।

वहीं प्रभात खबर लिखता है–कोयला तस्करी मामले में सिर्फ ट्रक चालक होते हैं गिरफ्तार, नाम आने पर भी बच जा रहे माफिया।

*****************